MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

# INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL

PROF. SANJAY MISHRA
CO.ORDINATOR IQAC

Ref:RU/IQAC/2021/

***Date: 03.09.2021***

## Meeting Minutes

आज दिनांक 03.09.2021 को IQAC की बैठक विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रशासन विभाग के सिंडिकेट कक्ष मे आहुत की गई बैठक में विभिन्न क्राइटीरिया समन्वयक तथा उनके सदस्य उपस्थित रहे। (उपस्थिति संलग्न है) बैठक की अध्यक्षता प्रो॰ संजय मिश्रा (समन्वयक आई॰क्यू॰ए॰सी॰) द्वारा की गई। बैठक में समस्त क्राइटीरिया समन्वयक ने अपने–अपने क्राइटीरिया को Power Point Presentation के माध्यम से प्रस्तुत किया तथा उनके क्राइटीरिया मे आने वाली समस्याओं के बारे मे विस्तृत चर्चा की तथा उनके क्राइटीरिया मे अधिकतम अंक को कैसे प्राप्त किया जाये उस पर बल दिया गया। क्राइटीरिया समन्वयक को उनके क्राइटीरिया को स्व मूल्यांकित कर प्रस्तुत करने पर भी बल दिया गया।

**इस बैठक में मुख्यतः निम्नलिखित बिन्दुओं पर जोर दिया गया।**

- Value Added course 30 hour या उससे ज्यादा के courses को Regular basis पर करवाये जाने पर जोर दिया गया।
- विश्वविद्यालय में विद्यार्थियो हेतु कारपोरेट ट्रेनिंग करवाने हेतु विस्तृत चर्चा की।
- CO/PO Attainment से सम्बन्धित वर्ष 2020–21 के Rubrics सभी विभागो द्वारा उपलब्ध कराने हेतु Request की गई।
- पर्यावरणीय प्रबन्धन गुणवत्ता सुनश्चयन हेतु बाहय संस्था द्वारा प्रमाणीकरण करवाना।
- समस्त विभागों द्वारा आन्तरिक आकादमिक ऑडिट सुनिश्चित किया जाना।

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

# National Assessment & Accreditation Council

Ref:RU/NAAC/SC/2021/

दिनांक 27.11.2021

## Meeting Minutes

आज दिनांक 27.11.2021 को नैक की बैठक विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में स्थित समिति कक्ष में सम्पन्न हुई यह बैठक 25 से 27 नवम्बर 2021 तक चली, बैठक की अध्यक्षता माननीय कुलपति महोदय ने की। इस बैठक में नैक क्राइटीरिया समन्वयक के साथ–साथ विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं नैक के सदस्य भी उपस्थित थे, (उपस्थिति संलग्न है।) बैठक में समस्त क्राइटीरिया समन्वयक ने पॉवर प्वांइट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से अपने–अपने क्राइटीरिया से सम्बन्धित डेटा को प्रस्तुत किया, एवं उनके क्राइटीरिया में आने वाली समस्यो के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। दिनांक 25.11.2021 को क्राइटीरिया–1 व क्राइटीरिया–2 के समन्वयक क्रमशः प्रो॰ एस॰के॰ पाण्डेय एवं प्रो॰ के॰के॰ माहेश्वरी द्वारा प्रेजेन्टेशन दिया गया। प्रो॰ एस॰के॰ पाण्डेय (समन्वयक क्राइटीरिया–1) ने अपने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से समस्त जानकारी को साझा करते हुए बताया कि उनके क्राइटीरिया मे कुछ विभागों से जानकारी आने के पश्चात उनका क्राइटीरिया पूर्ण हो जायेगा, इसी क्रम में प्रो॰के॰के॰ माहेश्वरी (समन्वयक क्राइटीरिया–2) ने भी अपने प्रेजेन्टेशन में यही बात कही कि उनके क्राइटीरिया में भी कुछ कमियां को दूर करने के लिए विभागो से जानकारी प्राप्त नही हो पायी है, उन्होने बताया कि जिस विभाग से जानकारी प्राप्त नही हो पायी वहॉ से उन्होने जानकारी मॉगी है जल्द ही उन्हे जानकारी मिल जायेगी जिससे वह अपने क्राइटीरिया को पूर्ण करने की बात कही।

बैठक के दूसरे दिन क्राइटीरिया–3 व क्राइटीरिया–4 के समन्वयक क्रमशः प्रो॰ सुधीर कुमार व प्रो॰ एस॰एस॰ बेदी ने अपने क्राइटीरिया का प्रेजेन्टेशन दिया। प्रो॰ सुधीर कुमार ने अपने प्रेजेन्टेशन में बताया कि उनके क्राइटीरिया में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण शोध से सम्बन्धित जानकारी को पूर्ण एवं सही रूप में संकलित करना है। कुछ जानकारी छोड़कर बाकी सारी सूचनाएँ एकत्रित कर ली गई हैं। माननीय कुलपति महोदय द्वारा भी और कार्य करने पर जोर दिया गया, तथा शोध हेतु उपलब्ध कई तरह की ग्रॉन्टस के बारे में बताया। उन्होने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय के शिक्षको हेतु सीड मनी ग्रॉन्ट अब उपलब्ध है। इसके पश्चात प्रो॰ एस॰एस॰ बेदी (समन्वयक क्राइटीरिया–4) ने अपने क्राइटीरिया को प्रस्तुत किया, उन्होने अपने क्राइटीरिया को स्टेप वाई स्टेप सही तरह से एवं समस्त प्रमाण पत्रो को संलग्न कर प्रस्तुत किया उन्हाने बताया कि उनका क्राइटीरिया पूर्ण हो चुका है, उनके प्रेजेन्टशेन को प्रो॰ संजय मिश्रा (समन्वयक नैक) ने भी सराहना की।

बैठक के अन्तिम दिन पूर्व क्राइटीरिया की तरह ही क्राइटीरिया–5, क्राइटीरिया–6 व क्राइटीरिया–7 का प्रेसेन्टेशन हुआ। यह क्राइटीरिया भी कुछ जानकारी की कमियों को पूर्ण करने के उपरान्त पूर्ण हो जायेगें।

बैठक में धन्यवाद् ज्ञापन प्रो॰ विनय ऋषिवाल (सदस्य सचिव, नैक) द्वारा दिया गया।

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

# National Assessment & Accreditation Council

Ref:RU/NAAC/SC/2021/

दिनांक 18.12.2021

## Meeting Minutes

आज दिनांक 18.12.2021 को नैक की बैठक विश्वविद्यालय परिसर के समस्त विभागाध्यक्षों के साथ व्यवसाय प्रशासन विभाग के समिति कक्ष में आहुत की गई, (उपस्थिति संलग्न है।) बैठक की अध्यक्षता प्रो॰ संजय मिश्रा समन्वयक नैक के द्वारा की गई। बैठक वर्ष 2020–21 AQAR से सम्बन्धित थी, बैठक की शुरूआत में प्रो॰ विनय ऋषिवाल (सदस्य सचिव, नैक) ने सभी का स्वागत किया। उसके पश्चात उन्होने वर्ष 2020–21 AQAR से सम्बन्धित जानकारी को विस्तार से बताया एवं समस्त विभागों के विभागाध्यक्षों से AQAR से सम्बन्धित जानकारी का यथाशीघ्र उपलब्ध कराने पर बल दिया जिससे कि AQAR को यथाशीघ्र भरा जा सके, और तद्ोपरान्त SSR भी भरा जा सके। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभागो से AQAR से सम्बन्धित जानकारी तथा उनसे सम्बन्धित प्रमाण पत्रों को उपलब्ध कराने से थी।

इस बैठक में AQAR को समयबद्ध जमा करने पर जोर देने के अलावा कुछ अन्य बिन्दुओं पर ध्यान रखने सम्बन्धी चर्चा हुई जो कि निम्नवत है–

1. मेंटर–मेंटीज की निरन्तर बैठक आवश्यक रूप से हो तथा मेंटीज की समस्याओं का समुचित समाधान हो।
2. वर्ष 2022 हेतु Value added Course/Program की चरणवद्ध योजना का निर्माण करना।
3. Student Consultancy/Counselling के कार्य को विस्तार देना एवं सुदृढ़ बनाना।

बैठक में धन्यवाद् ज्ञापन प्रो॰ विनय ऋषिवाल (सदस्य सचिव, नैक) द्वारा दिया गया।

# Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

**A State University-Government of UP; NAAC Accredited; ISO 9001:2015 certified**

## Internal Quality Assurance Cell

**Prof. Sanjay Mishra**
**Co-ordinator**


**Ref: RU/IQAC/2022**

दिनांक 19.01.2022

## Meeting Miniutes

आज दिनांक 19.01.2022 को IQAC की बैठक व्यवसाय प्रशासन विभाग में IQAC सदस्यों के साथ आहूत की गई (उपस्थिति संलग्न है।) बैठक की अध्यक्षता प्रो॰ संजय मिश्रा (समन्वयक IQAC) द्वारा की गई। बैठक की शुरूआत में प्रो॰ विनय ऋषिवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत किया।

इस बैठक में निम्न निर्णय लिए गए–

1- NAAC/IQAC सम्बन्धित डाटा एकत्रीकरण हेतु एक Software उचित प्रक्रिया को अनुसरण करने हेतु क्रय किया जाये।
2- इस अन्तराल में AQAR 2020-21 Excel format को भरने हेतु Google forms Develop किए जाये एवं एक समय–सीमा के अन्दर Data Submission कर दिया जाए ।
3- एक रिसर्च सम्बन्धी कार्यशाला का आयोजन माह फरवरी/मार्च में सुनिश्चित किया जाये।

धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त मीटिंग का समापन हुआ।

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

# National Assessment & Accreditation Council

Ref:RU/NAAC/SC/2021/

दिनांकः 08.04.2022

## Meeting Minutes

दिनांक 08.04.2022 को दोपहर 12:00 बजे माननीय कुलपति महोदय प्रो॰के॰पी॰ सिंह की अध्यक्षता में आई॰क्यू॰ए॰सी॰ की एक बैठक प्रो॰ संजय मिश्रा (नैक समन्वयक) द्वारा डॉक्टरेट ऑफ रिसर्च के समिति कक्ष में आहुत की गई, जिसमें विश्वविद्यालय परिसर के सभी संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष, नैक क्राइटीरिया समन्वयक एवं सेल, सेन्टर के इंचार्ज उपस्थित रहे। (उपस्थिति संलग्न है।) बैठक की शुरूआत में प्रो॰ संजय मिश्रा (समन्वयक आई॰क्यू॰ए॰सी॰) ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए लखनऊ मे माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में दिनांक 4–5 अप्रैल 2022 को हुए नैक सेमिनार के बारे में बताया, उन्होने बताया कि नैक के समय सही तरह से डाक्यूमेंन्टस का प्रस्तुतीकरण कैसे करना है और कौन–कौन से डाक्यूमेंन्टस हमें ज्यादा नम्बर दिला सकते है, इसके बाद उन्होने समस्त क्राइटीरिया समन्वयक को अपने क्राइटीरिया से सम्बन्धित बात रखने के लिए आमंत्रित किया।

सबसे पहले प्रो॰एस॰एस॰ बेदी (समन्वयक क्राइटीरिया–4) ने समन्वयक आई॰क्यू॰ए॰सी॰ का धन्यवाद देते हुए क्वालिटी पर फोकस करने की बात की कि कैसे हम विद्यार्थियों को बेहतर क्लास रूम सेमिनार हॉल एवं आई॰सी॰टी॰ फैसिलिटी को उपलब्ध करा कर अच्छे नंम्बर पा सकते हैं, उन्होन अपने उद्‌भोदन में समस्त विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष से आग्रह किया वे अपने विभाग के क्लास रूम सेमिनार हाल एवं आई॰सी॰टी॰ फैसिलिटी युक्त क्लास रूम के फोटोग्राफस उन्हे उपलब्ध कराने का आग्रह किया जिससे कि वे अपने क्राइटीरिया का जल्द से जल्द पूर्ण कर सके।

इसके पश्चात प्रो सुधीर कुमार (समन्वयक क्राइटीरिया–3) ने अपने क्राइटीरिया के बारे में बताते हुए कहा कि उनके क्राइटीरिया के सबसे अधिक नम्बर है और वह इसमें कैसे विश्वविद्यालय को अधिक से अधिक नम्बर दिला सकते हैं, उन्होने सीड मनी प्रोजेक्ट के बारे में बताते हुए कहा कि यह प्रोजक्ट विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक साथियों के लिए है, उन्होने विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों से अनुरोध किया कि अगर विश्वविद्यालय के किसी भी शिक्षक को कोई ग्रान्ट मिली हो तो वे अपने विभाग के विभागध्यक्ष के द्वारा उस जानकारी को उनके पास प्रेषित कराने का आग्रह किया उन्होने एक्स्ट्रा मूलर ग्रन्टस की ई–पाठशाला, इ–लर्निंग एवं स्वंय के बारे में भी बताया।

बैठक के अध्यक्ष माननीय कुलपति महोदय ने अपने उद्‌भोदन में बताया कि कैसे हमारे विश्वविद्यालय के छात्र Consaltancy Cell के माध्यम से earning कर सकते हैं, उन्होने अपने उद्‌भोदन में नये कोर्स शुरू करने की बात भी कही, इसके पश्चात उन्होने Slow learner एवं Advance learner के बारे में बताया उन्होने कहा कि कैसे Slow learner को हम काउन्सिलिंग Remedial Class एवं Extra Class के माध्यम से उनको बेहतर बना सकते हैं।

आई॰क्यू॰ए॰सी॰ प्रकोष्ठ के सदस्य सचिव प्रो॰ विनय ऋषिवाल ने AQAR 2020–21 को शीघ्र भरकर NAAC Software के माध्यम से SSR को भरे जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने पर जोर दिया एवं बैठक में प्रतिभाग करने हेतु सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
A State University-Government of UP; NAAC Accredited; ISO 9001:2015 certified

# Internal Quality Assurance Cell

**Prof. Sanjay Mishra**
**Co-ordinator**
**Ref: RU/IQAC/2022**

दिनांक 11.07.2022

## Meeting Minutes

आज दिनांक 11.07.2022 को नैक की एक बैठक नैक क्राईटीरिया समन्वयक एवं सदस्यों के साथ व्यवसाय प्रशासन विभाग के सिंडिकेट रूम में आहुत की गई बैठक की अध्यक्षता प्रो संजय मिश्रा (नैक समन्वयक) के द्वारा की गई। बैठक के शुरूआत में प्रो0 विनय ऋषिवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत किया एवं पॉवर प्वांइट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से नैक से सम्बन्धित विषय पर विस्तृत चर्चा की। प्रो॰ संजय मिश्रा (समन्वयक नैक) ने आगामी नैक को ध्यान में रखते हुए अपने–अपने क्राईटीरिया से सम्बन्धित समस्त डाक्यूमेंन्टस को पूर्ण करने की बात पर बल दिया इसके पश्चात उन्होने 18 अप्रैल को राजभवन लखनऊ में होने वाले नैक प्रेजेन्टेशन की तैयारी करने पर भी बल दिया, साथ ही निम्न बिन्दुओं पर क्रियान्वयन की प्रतिबद्धता प्रेषित की गई।

1. विभिन्न क्राईटीरिया समन्वयकों द्वारा अपने क्राईटीरिया के भारांक का निर्णय कर लिया जाये।
2. भारांक में असम्यक कमी का निर्धारण कर अमुक क्राईटीरिया में भारांक प्राप्त करने का माध्यम निर्धारित किया जायें।
3. भुतपूर्व छात्रों से प्रतिपुष्टि वीडियो बनबाकर नैक समन्वयक को प्रेषित किया जायें, जिसे नैक प्रस्तुतीकरण में प्रयोग किया जा सके।
4. सभी शिक्षकों एवं अधिकारियों को नैक सॉफट्वेयर से उन्मुखीकरण करा दिया जाये जिससे प्रत्येक शिक्षक एवं अधिकारी अपने आंकड़े नैक सॉफट्वेयर में अपलोड कर सके।
5. सभी क्राईटीरिया समन्वयकों जिनके द्वारा किसी अभिलेख का निर्माण हुआ है वह उनका मुद्रण करवा कर नैक प्रस्तुतीकरण के दिन अपने साथ लेकर चलें।

इसके साथ ही नैक बैठक का समापन हुआ और अन्त में धन्यवाद ज्ञापन प्रो॰ विनय ऋषिवाल (सदस्य सचिव) के द्वारा किया गया।

Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
A State University-Government of UP; NAAC Accredited; ISO 9001:2015 certified

## Internal Quality Assurance Cell

Prof. Sanjay Mishra
Co-ordinator
Ref: RU/IQAC/2022

**Date: 02.08.2022**

### Meeting Miniutes

आज दिनांक 02.08.2022 को नैक की एक बैठक व्यवसाय प्रशासन विभाग के सिंडिकेट कक्ष में नैक के सदस्यों एवं विश्वविद्यालय परिसर के समस्त संकायाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों के साथ सम्पन्न हुई। (उपस्थिति संलग्न है।) बैठक के शुरूआत में प्रो॰ विनय ऋषिवाल (सदस्य सचिव नैक) ने सभी का स्वागत किया एवं आगामी होने वाले नैक के विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि नैक से सम्बन्धित समस्त बिन्दुओं पर कार्य करने पर जोर दिया।

इसके उपरान्त बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रो॰ संजय मिश्रा (समन्वयक नैक) ने समस्त क्राईटीरिया समन्वयकों से अपने–अपने क्राइटीरिया से सम्बन्धित समस्त जानकारी को प्रमाण पत्रों सहित जल्द से जल्द पूर्ण करने की बात कही उन्होने बताया कि सत्र 2020–21 का AQAR सम्मिट हो गया है अब हमें SSR की तैयारी हेतु पॉच वर्ष (सत्र 2016–17, 2017–18, 2018–19, 2019–20 एवं 2020–21) का Data भरना है जिसके लिए उन्होने समस्त संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष से सभी बिन्दुओं पर कार्य करने करने को कहा उन्होने कहा कि उन्हे रिसर्च, मेंटर–मेंटी एवं अपने–अपने विभाग के एल्मुनाई सम्बन्धित जानकारी को जल्द से जल्द समन्वयक आई0क्यू0ए0सी0 को प्रेषित करने को कहा इसके उपरान्त प्रो0 एस0के पाण्डेय ने अपने क्राईटीरिया सम्बन्धित जानकारी जैसे वैल्यू एडेड प्रोग्राम एवं फीडबैक फार्म को पूर्ण कर उन्हे प्रेषित करने को कहा।

प्रो0 संजय मिश्रा समन्वयक आई0क्यू0ए0सी0 ने फीडबैक फार्म को भरवाने की का कार्य डा0 आशीष जैन सदस्य आई0क्यू0ए0सी0 को दिया।

इसके उपरान्त प्रो0 के0के माहेश्वरी ने समस्त विभागध्यक्ष एवं संकायाध्यक्षो से मेंटर–मेटी मीटिंग मीनिट्स एवं समस्त शिक्षकों की पी0एच0डी की डिग्री की फोटो कॉपी को उपलब्ध कराने को अनुरोध किया।

प्रो0 सुधीर कुमार ने समस्त विभागध्यक्ष से अपने–अपने विभाग के शिक्षकों के गूगल स्कॉलर की आई0डी0 सुनिश्चित करने को कहा इसके उपरान्त डा0 आशुतोष प्रिय ने अब तक के अन्तराल में हयूमन वैल्यू पर आधरित प्रोग्राम को कराये जाने से सम्बन्धित साक्ष्य की मॉग की।

बैठक के अन्त मे प्रो. विनय ऋषिवाल द्वारा समस्त सदस्यों, विभागाध्यक्षें एवं संकायाध्यक्षों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

**Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly**
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
**A State University-Government of UP; NAAC Accredited; ISO 9001:2015 certified**

# Internal Quality Assurance Cell

**Prof. Sanjay Mishra**
**Co-ordinator**
**Ref: RU/IQAC/2022**

**Date: 18.08.2022**

## Meeting Miniutes

दिनांक 17.08.2022 एवं 18.08.2022 को नैक की एक बैठक क्रामा सॉफ्टवेयर पर व्यवसाय प्रशासन विभाग के सिंडिकेट कक्ष में नैक के सदस्यों एवं विश्वविद्यालय परिसर के समस्त शिक्षकों के साथ सम्पन्न हुई। (उपस्थिति संलग्न है।) बैठक की अध्यक्षता प्रो0 संजय मिश्रा समन्वयक आइ0क्यू0ए0सी0 के द्वारा की गई। बैठक के शुरूआत में प्रो॰ विनय ऋषिवाल (सदस्य सचिव नैक) ने सभी का स्वागत किया एवं उन्हाने क्रामा सॉफ्टवेयर के बारे मे समस्त शिक्षकों को बताया कि वह किस तरह क्रामा सॉफ्टवेयर पर जानकारी को अपडेट कर सकते हैं उन्होने पावर प्वांइट प्रेजेंन्टेशन के माध्यम से क्रामा सॉफ्टवेयर के बारे विस्तृत जानकारी दी।

इसके उपरान्त बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रो॰ संजय मिश्रा ने समस्त शिक्षकों को उनसे सम्बन्धित जानकारी को एक सप्ताह के अन्दर क्रामा सॉफ्टवेयर पर अपडेट करने का अनुरोध किया साथ ही साथ उन्होने यह भी बताया कि क्रामा सॉफ्टवेयर से सम्बन्धित समस्त शिक्षकों के लॉगिन आई0डी पासवर्ड उनके मेल आई0डी0 पर प्रेषित कर दिए गये हैं वह इसी लॉगिन आई0डी पासवर्ड के द्वारा अपनी जानकारी को क्रामा सॉफ्टवेयर पर अपलोड कर सकेगें। इसके उपरान्त उन्होने कहा कि अगर किसी भी शिक्षक को क्रामा सॉफ्टवेयर से सम्बन्धित कोई परेशानी आती है तो वह समन्वयक आई0क्यू0ए0सी0 एवं सदस्य सचिव आई0क्यू0ए0सी से सम्पर्क कर सकते हैं। इसके उपरान्त मीटिंग का समापन हुआ धन्यवाद ज्ञापन प्रो0 विनय ऋषिवाल सदस्य सचिव आई0क्यू0ए0सी0 के द्वारा किया गया।